**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-2129**
**उत्तर देने की तारीख-09/12/2024**

**आंध्र प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान**

**†2129. डॉ. गुम्मा तनुजा रानी:**
**श्री मड्डीला गुरूमूर्ति:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान से कितने छात्र लाभान्वित हुए हैं;
(ख) आन्ध्र प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत कितने स्मार्ट क्लासरूम और आईसीटी प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान इसके लिए जिला-वार कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है और उपयोग की गई है; और
(घ) सरकार द्वारा स्मार्ट कक्षाओं और आईसीटी प्रयोगशालाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए, शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और आयोजित प्रशिक्षणों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
(**श्री जयन्त चौधरी**)

(क): आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में समग्र शिक्षा के तहत लाभान्वित छात्रों की संख्या इस प्रकार है:

| वर्ष | छात्रों की संख्या |
|---|---|
| **2021-22** | 46,22,795 |
| **2022-23** | 43,01,246 |
| **2023-24** | 38,58,350 |

(ख): राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान, समग्र शिक्षा के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य में 2032 आईसीटी प्रयोगशालाएं और 4678 स्मार्ट कक्षाएं स्थापित की गई हैं।

(ग): समग्र शिक्षा की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत, योजना के कार्यक्रम संबंधी और वित्तीय मानदंडों के अनुसार स्मार्ट कक्षाओं और आईसीटी प्रयोगशालाओं की स्थापना सहित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए वित्त पोषण प्रदान किया जाता है। इस योजना का क्रियान्वयन संबंधित राज्य सरकार के माध्यम से किया जाता है। आंध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में इस योजना के तहत स्मार्ट कक्षाओं और आईसीटी प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए कुल 867.60 करोड़ रुपये आवंटित और उपयोग किए गए। जिलेवार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(घ): समग्र शिक्षा की केन्द्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को स्मार्ट कक्षाओं और आईसीटी प्रयोगशालाओं की स्थापना तथा योजना के मानदंडों के अनुसार इनके प्रभावी उपयोग के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण देने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आईसीटी प्रयोगशालाओं और स्मार्ट कक्षाओं के प्रभावी उपयोग के लिए कैस्केड मॉडल में शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग ने कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी में शिक्षकों की पहचान करने के लिए आंध्र प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के साथ सहयोग किया। तदनुसार, 175 इंजीनियरिंग कॉलेजों को प्रत्येक कॉलेज से 2 प्रोफेसरों/व्याख्याताओं की दर से शिक्षकों को प्रशिक्षण हेतु लिया गया है। इसके अलावा, इन मास्टर प्रशिक्षकों ने 1,54,144 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों के अनुरोध के आधार पर, राज्य सरकार ने इंजीनियरिंग कॉलेजों की सीएसई/ईसीई शाखाओं से छात्रों की पहचान करके छात्र प्रशिक्षु की अवधारणा शुरू की है और स्कूलों में शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए 4 महीने की अवधि के लिए परियोजना कार्य सौंपा है, जिसके लिए उन्हें क्रेडिट स्कोर दिए गए थे।

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने 2019-20 में केंद्र प्रायोजित समग्र शिक्षा योजना के तहत निष्ठा (स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र उन्नति के लिए राष्ट्रीय पहल) नामक एक एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से अधिगम परिणामों में सुधार के लिए एक राष्ट्रीय मिशन भी शुरू किया है। निष्ठा "एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण के माध्यम से स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार" के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम सभी स्तरों पर शिक्षकों और स्कूल प्रधानाचार्यों के सतत व्यावसायिक विकास का समाधान करता है।

*****

**अनुलग्नक**

**आंध्र प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. गुम्मा तनुजा रानी और श्री मड्डीला गुरूमूर्ति द्वारा दिनांक 9 दिसंबर, 2024 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2129 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**पिछले 3 वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में आईसीटी प्रयोगशालाओं और स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना के लिए जिलेवार आवंटित और उपयोग की गई कुल धनराशि**

**(रुपये लाखों में)**

| क्र.सं | जिले का नाम | आईसीटी और स्मार्ट क्लास रूम के लिए जिलावार आवंटन और उपयोग | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | आईसीटी | | स्मार्ट कक्षाएं | |
| | | अनुमोदित | उपयोग किए गए | अनुमोदित | उपयोग किए गए |
| 1 | अनकापल्ली | 2704.22 | 2704.22 | 530.40 | 530.40 |
| 2 | अनंतपुरम | 3554.95 | 3554.95 | 648.00 | 648.00 |
| 3 | अन्नमय्या | 3340.44 | 3340.44 | 638.40 | 638.40 |
| 4 | एएसआर | 3375.86 | 3375.86 | 424.80 | 424.80 |
| 5 | बपाटला | 2165.91 | 2165.91 | 405.60 | 405.60 |
| 6 | चित्तूर | 3754.11 | 3754.11 | 724.80 | 724.80 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 2435.94 | 2435.94 | 482.40 | 482.40 |
| 8 | एलुरु | 2881.91 | 2881.91 | 686.40 | 686.40 |
| 9 | गुंटूर | 1528.01 | 1528.01 | 292.80 | 292.80 |
| 10 | काकीनाडा | 3069.34 | 3069.34 | 484.80 | 484.80 |
| 11 | कोनासीमा | 2320.32 | 2320.32 | 388.80 | 388.80 |
| 12 | कृष्ण | 1713.18 | 1713.18 | 391.20 | 391.20 |
| 13 | कुरनूल | 3439.40 | 3439.40 | 645.60 | 645.60 |
| 14 | मन्याम | 2246.69 | 2246.69 | 292.80 | 292.80 |
| 15 | नांदयाल | 2794.34 | 2794.34 | 631.20 | 631.20 |
| 16 | एनटीआर | 1712.16 | 1712.16 | 345.60 | 345.60 |
| 17 | पालनाडू | 2770.97 | 2770.97 | 487.20 | 487.20 |
| 18 | प्रकाशम् | 3862.93 | 3862.93 | 744.00 | 744.00 |
| 19 | एसपीएस नेल्लोर | 3121.77 | 3121.77 | 878.40 | 878.40 |
| 20 | श्री सत्यसाईं | 3058.03 | 3058.03 | 535.20 | 535.20 |
| 21 | श्रीकाकुलम् | 4676.68 | 4676.68 | 667.20 | 667.20 |
| 22 | तिरुपति | 3214.79 | 3214.79 | 780.00 | 780.00 |
| 23 | विशाखापट्टनम | 981.50 | 981.50 | 172.80 | 172.80 |
| 24 | विजयनगरम | 3106.89 | 3106.89 | 619.20 | 619.20 |
| 25 | पश्चिमी गोदावरी | 2159.88 | 2159.88 | 501.60 | 501.60 |
| 26 | वाईएसआर कडप्पा | 2912.56 | 2912.56 | 458.40 | 458.40 |
| **कुल योग** | | **72902.80** | **72902.80** | **13857.60** | **13857.60** |

*****